मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 11537/62/2018/चयन इन्दौर दिनांक 09 OCT 2018

विज्ञप्ति

राज्य वन सेवा परीक्षा–2018 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 06/2017/12.12.2017 मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग के अंतर्गत राज्य वन सेवा परीक्षा– 2018 के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। मुख्य परीक्षा का चयन परिणाम दिनांक 29.09.2018 को घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में अर्ह आवेदकों से वांछित अभिलेख दिनांक 10.10.2018 तक मंगवाए गये है।

02/ राज्य वन सेवा परीक्षा–2018 के तहत सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल पद के साक्षात्कार 25.10.2018 से दिनांक 02.11.2018 तक आयोजित किये जाना हैं । आवेदकों को साक्षात्कार पत्र दिनांक 12.10.2018 से आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्शाए गए ई–मेल एड्रेस पर जारी किये जायेंगे एवं आयोग की वेबसाईड www.mppsc.nic.in & www.mppscdemo.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

03/ आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि शारीरिक परीक्षण (मेडिकल) एवं पैदल चाल वन विभाग द्वारा साक्षात्कार दिवस के 03 दिवस पूर्व से आयोजित किया जावेगा। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

स.क्र.	पैदल चाल	स्वास्थ्य परीक्षण	साक्षात्कार	वार
1.	22-10-2018	23-10-2018	25-10-2018	गुरूवार
2.	23-10-2018	24-10-2018	26-10-2018	शुक्रवार
3.	24-10-2018	25-10-2018	27-10-2018	शनिवार
4.	25-10-2018	26-10-2018	29-10-2018	सोमवार
5.	26-10-2018	27-10-2018	30-10-2018	मंगलवार
6.	28-10-2018	29-10-2018	31-10-2018	बुधवार
7.	29-10-2018	30-10-2018	01-11-2018	गुरूवार
8.	30-10-2018	31-10-2018	02-11-2018	शुक्रवार

उदाहरणार्थ :– यदि किसी आवेदक का साक्षात्कार दिनांक 25.10.2018 को आयोजित होना निर्धारित है, तो ऐसी स्थिति में आवेदक की पैदल चाल दिनांक 22.10.2018 को तथा स्वास्थ्य परीक्षण 23.10.2018 को होगा उसके अगले दिवस दिनांक 24.10.2018 अतिरिक्त दिवस (विश्राम) के रूप में रखा जावेगा। **आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पैदल चाल के आयोजन के संबंध में वन विभाग द्वारा आवेदकों कों अलग से सूचित किया जावेगा।**

04/ साक्षात्कार में उपस्थित होने के पूर्व आवेदक अपनी अर्हता की सूक्ष्मता से जॉच कर ले कि विज्ञापन में दर्शाई गयी समस्त अर्हताओं की पूर्ति पूर्ण करता है । साक्षात्कार में आमंत्रित किये जाने का यह आशय नही है, कि आपकों साक्षात्कार हेतु अर्ह मान लिया गया है । साक्षात्कार दिवस को अथवा साक्षात्कार पश्चात् जॉच उपरांत भी यदि यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दर्शायी गयी अर्हता को पूर्ण नही करते है तो आपकी उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी ।

05/ साक्षात्कार दिवस कों आवेदक समस्त मूल अभिलेख तथा उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों (02 सेट) के साथ उपस्थित होंवें।

9/10/18

उप परीक्षा नियंत्रक